अमर उजाला 18/12/2022

# उपन्यास को चलचित्र के माध्यम से दिखाया



जीएमएन कालेज में मौजूद शिक्षक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** विषय को समझने के लिए हमें कहीं बार आधुनिक युग की टेक्नोलॉजी और प्रौद्योगिकी का सहारा लेना पड़ता है। प्रमुख रूप से इन साधनों में इंटरनेट, चलचित्र, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर के जरिए विषय की गहराई को आसानी से समझा जा सकता है।

इन्हीं साधनों में से एक है चलचित्र। चलचित्र शिक्षा का प्रमुख साधन है। जीएमएन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने एम ए अंग्रेजी, अंग्रेजी ऑनर्स एवं अन्य के लिए अंग्रेजी साहित्य के महत्वपूर्ण उपन्यास द ओलिवर ट्विस्ट जोकि अंग्रेजी साहित्य के महान लेखक चार्ल्स डिकेंस के द्वारा लिखा गया है, को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया।

आज के आधुनिक युग की सरलता को ध्यान में रखते हुए इसे प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने अंग्रेजी विभाग को बधाई दी। यह आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक, मनोवैज्ञानिक और साहित्यिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया गया। डॉ अंशु चौधरी ने इस कार्यक्रम को करवाने में संयोजिका की भूमिका अदा की। इस दौरान अंग्रेजी विभाग के अन्य प्राध्यापकगण कमलेश, डॉ. ज्योति सोरोत, डॉ. नीना, डॉ. शिवानी और प्रोफेसर पारुल मौजूद रहे। संवाद